सिख समुदाय का सशक्तीकरण

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

सिख समुदाय के सशक्तीकरण हेतु, **सिख नव वर्ष के** अवसर पर, केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री ने एक व्यापक कौशल विकास, नेतृत्व और उद्यमिता प्रोत्साहन कार्यक्रम शुरू किया।

- यह कार्यक्रम सिख समुदाय के कल्याण के लिये स्थापित एक **वैधानिक निकाय**, **दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति (DSGMC)** के माध्यम से प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (PM विकास) योजना के अंतर्गत **"सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास"** पहल का हिस्सा है।
  - यह कार्यक्रम 10,000 युवाओं और महिलाओं को ध्यान में रखकर शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य **रोज़गार प्रदान करने वाली भूमिकाओं में आधुनिक कौशल प्रशिक्षण** प्रदान करना, **सिख कारीगरों** को प्रोत्साहन देना, महिला नेतृत्व और उद्यमिता को बढ़ावा देना तथा स्कूल छोड़ने वाली छात्राओं के लिये शिक्षा को प्रोत्साहन प्रदान करना है।
  - इस कार्यक्रम का उद्देश्य सिख समुदाय के भीतर **सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों** की सहायता करना और सांप्रदायिक एवं सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना है।
  - इस कार्यक्रम के तहत सिख समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को संरक्षित तथा प्रोत्साहन प्रदा करने के लिये दिल्ली विश्वविद्यालय के खालसा महाविद्यालयों में अत्याधुनिक **गुरुमुखी लिपि** शिक्षण केंद्र स्थापित किये जाएंगे।
    - गुरुमुखी लिपि का विकास **शारदा (Śāradā) लिपि** से हुआ था जिसका उपयोग और मानकीकरण दूसरे सिख गुरु, **गुरु अंगद** द्वारा किया गया था।
    - शारदा लिपि **ब्राह्मी परिवार की लिपियों** से संबंधित है।
- मंत्रालय प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत स्टूडियो/स्मार्ट क्लासरूम विकसित करने सहित बुनियादी ढाँचा और सहायक सेवाएँ प्रदान करने में सहायता करेगा।

और पढ़ें...अल्पसंख्यक समुदायों के लिये कल्याणकारी योजनाएँ, सिख धर्म

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/empowering-the-sikh-community